उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
हरिद्वार
पिन कोड– 249404

संख्या :: 128 /07/E-2/DR/बंदीरक्षक /2022-23 दिनाँक :: 22 अगस्त, 2023

विज्ञप्ति
''जेल बंदीरक्षक परीक्षा–2022''

कारागार विभाग के अंतर्गत प्रकाशित विज्ञापन संख्या–**07/E-2/DR/JW/2022-23** दिनाँक 15 नवम्बर, 2023 द्वारा विज्ञापित **''जेल बंदीरक्षक परीक्षा 2022''** के सापेक्ष **शारीरिक दक्षता परीक्षा दिनाँक 17 अप्रैल, 2023 से 25 मई, 2023 तक** आयोजित की गयी, जिसका परीक्षा परिणाम दिनांक 10 अगस्त, 2023 को घोषित किया गया। आयोग कार्यालय द्वारा जारी परीक्षा कलैण्डर के अनुसार शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों हेतु जेल बंदीरक्षक लिखित/मुख्य परीक्षा दिनांक 24.12.2023 को निर्धारित की गयी थी।

सूचित किया जाता है कि प्रश्नगत परीक्षा हेतु **पूर्व में निर्धारित तिथि 24 दिसम्बर, 2023 को परिवर्तित करते हुए दिनांक 15 अक्टूबर, 2023 को निर्धारित किया जाता है।** उक्त परीक्षा का आयोजन **दिनांक 15 अक्टूबर, 2023 को** उत्तराखण्ड राज्य के **देहरादून, हल्द्वानी, हरिद्वार** नगरों के विभिन्न परीक्षा केन्द्र में किया जायेगा। परीक्षा हेतु औपबन्धिक रुप से अर्ह अभ्यर्थी अपना **प्रवेश–पत्र (Admit-Card) दिनाँक 03 अक्टूबर, 2023** से आयोग की वेबसाईट **psc.uk.gov.in** से डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को डाक द्वारा पृथक से कोई सूचना/प्रवेश–पत्र (Admit-Card) प्रेषित नहीं किये जायेंगे।

Sd/-
(जी0एस0रावत)
सचिव।